चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/डी0आर0/9825
दिनांक : 15.09.2025
17

## अधिसूचना

विश्वविद्यालय के विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 02.09.2025 में लिए गये महत्वपूर्ण निर्णय निम्नवत है:–

**मद संख्या–2 (संकल्प)**– विद्वत परिषद द्वारा उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या 622/सत्तर–1–2025–16(11)/2014 टी0सी0–II दिनांक 06 जून, 2025 के बिन्दु संख्या–14 के अनुपालन में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार गठित समिति की बैठक दिनांक 28.06.2025 में लिये गये निर्णयों को निम्नवत अनुमोदन प्रदान किया गया :–

1. शैक्षणिक सत्र 2025–26 से एन0ई0पी0 के अन्तर्गत संचालित बहुविषयक बी0ए0/बी0एससी0/बी0काम0 पाठ्यक्रमों के प्रथम, द्वितीय एवं षष्ठम् सेमेस्टर में एम0सी0क्यू0 टाईप प्रश्नों पर आधारित परीक्षा लागू किया जाये।
2. बी0ए0/बी0एससी0/बी0काम0 पाठ्यक्रमों के प्रथम, द्वितीय एवं षष्ठम् सेमेस्टर के प्रश्नपत्र 75 प्रश्नों को सम्मिलित करते हुए परीक्षावधि एक घंटा तीस मिनट की रखी जाये।
3. जिन पाठ्यक्रमों का महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में एक समान पाठ्यक्रम लागू हैं, में भी उपरोक्त व्यवस्था लागू की जाये।
4. परीक्षा एक दिवस में तीन पालियों में आयोजित की जाये।
5. प्रश्नपत्र में यदि कोई प्रश्न गलत होता है, तो उसके अंक समान रूप से प्रदान किये जाये।

**मद संख्या–5 (संकल्प)**– विद्वत परिषद द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश के एन0ई0पी0 पाठ्यक्रमो सम्बन्धी दिशा निर्देशों के आलोक में सत्र 2025–26 में प्रवेश लेने वाले ऐसे बी0ए0/बी0एससी0/बी0काम0 के छात्र जो एन0सी0सी0 "बी" अथवा "सी" सार्टिफिकेट हेतु प्रशिक्षणरत हैं, के सफलतापूर्वक एन0सी0सी0 प्रशिक्षण को करने के उपरान्त 6 क्रेडिट के माईनर विषय के रूप में स्वीकार करने की अनुमति प्रदान की गयी।

**मद संख्या–6 संकल्प**– स्नातक एन0ई0पी0 परीक्षायें समय पर आयोजित हो इसके लिये विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 25.03.2025 के मद संख्या–3 में सात विषय समूह बनाये गये है। जिसमें संगीत (गायन, सितार, तबला) विषय को तीन विषयों के साथ विकल्प के रूप में रखा गया है।

विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 25.03.2025 के मद संख्या–3 में बनाये गये उक्त विषय समूहो में संशोधन करते हुये संगीत विषय को अन्य विषयों के साथ न रखते हुये केवल विषय समूह चित्रकला/भूगोल के साथ रखे जाने का निर्णय लिया गया।

**मद संख्या–12 (1) संकल्प**– विद्वत परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि Indian Knowledge System: A Cultural Perspective (2 क्रेडिट) विश्वविद्यालय परिसर में संचालित स्नातक (ऑनर्स) के छात्र किसी एक सेमेस्टर में अनिवार्य रूप से उत्तीर्ण करें।

मद संख्या–12 (8) संकल्प– *"एन0ई0पी0 से आच्छादित सत्र 2021–22 से प्रारम्भ बहुविषयक स्नातक कार्यक्रम बी0ए0/बी0एससी0/बी0काम0 तथा विश्वविद्यालय परिसर में सत्र 2024–25 से संचालित एकल विषय स्नातक (ऑनर्स) (बी0ए0/बी0एससी0/बी0काम0) की परीक्षा में विश्वविद्यालय नियमानुसार उत्तीर्ण होने हेतु अधिकतम 05 अंको के कृपांक* (Grace Marks) *किन्ही भी अधिकतम 03 पेपर कोड में वितरित कर प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया। यह व्यवस्था पाठ्यक्रम के प्रारम्भ होने के सत्र से ही लागू होगी।"*

समस्त महाविद्यालयों/विभागों से अनुरोध है कि विद्वत परिषद के उपर्युक्त निर्णयों से छात्र/छात्राओं को व्यापक रूप से अवगत कराते हुए पठन-पाठन एवं अनुपालन सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

01. समस्त महाविद्यालय/विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. उपकुलसचिव (गोपनीय)/रिजल्ट सेल/कम्प्यूटर सेंटर।
03. प्रभारी (सीक्रेसी)।
04. विश्वविद्यालय वेबसाइट।
05. प्रेस प्रवक्ता।

17/09/25

उप कुलसचिव (परीक्षा)